Regarding expansion of metro network from Rithala to Bawana-Laid

श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र मे एक महत्वपूर्ण मुद्दा दिल्ली मेट्रो फेज-4 मे रेड लाइन रिठाला से नरेला बवाना का लंबित अनुमोदन को सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूँ। दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण 2015 मे 7 मेट्रो लाईनों को बनाने व विस्तार हेतु प्रस्ताव को रखा गया था जिसमे 6 मेट्रो लाइन स्वीकृत हुई परंतु केवल मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तर पश्चिम मे पड़ने वाली रेड लाइन-1 रिठाला से नरेला बवाना का विस्तार पिछले एक दशक से आज तक लंबित है जिसकी लंबाई 26.463 किमी है। मेरे संसदीय क्षेत्र नरेला, बवाना, बरवाला, बवाना जे. जे. कालोनी, सनोथ, अनाज मंडी नरेला और बवाना के लोग मेट्रो लाइन का इंतजार कर रहे हैं, मेरे संसदीय क्षेत्र के लाखों लोगों को एक जगह से दूसरे जगह जाने में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि दिल्ली मेट्रो रेड लाइन-1 रिठाला से नरेला बवाना का विस्तार जल्द से जल्द मंजूर कर कार्य को शीघ्र शुरू किया जाए जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र मे रहने वाले लोग इसका लाभ प्राप्त हो।